ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

हिंदी ऑनलाइन कक्षा में आप सभी का स्वागत है|

कक्षा -६

हिन्दी (LOWER)

पाठ -3

काम सब अच्छे हैं

पाठ प्रवेश-

आचार्य विनोबा भावे जी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के अग्रणी शिष्यों में से एक थे।वे गांधी जी के सत्य अहिंसा और समय पालन के विचारों से बहुत अधिक प्रभावित थे। उन्होंने गांधी जी के साथ कई आंदोलन में भाग लिया।वे बच्चों को पढ़ाने - लिखने तथा आस-पास स्वच्छता रखने के लिए जागरूक करते थे।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

संबंधित प्रश्न-

१.विनोबा भावे किसके शिष्य थे?

२. विनोबा भावे गांधी जी के किन विचारों से प्रभावित थे? ३.विनोबा भावे कि बातों के प्रति जागरूक थे?

४. वाक्य बनाओ-

स्वच्छता, जागरूक, प्रभावित

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

सामान्य उद्देश्य–

- पाठ के अर्थ को समझने के लिए छात्रों को तैयार करना।
- छात्रों के शब्द भंडार को समृद्ध करना।
- मात्राओं के प्रयोग का उचित ज्ञान करवाना तथा उनकी पहचान मजबूत करवाना।
- शब्दों का सही उच्चारण सिखाना।
- छात्रों का नए शब्दों से परिचय कराना और उन्हे सार प्रस्तुतीकरण की कला सिखाना।
- उचित कारक चिह्नो का प्रयोग, विराम-चिह्न पहचानना और प्रयोग सिखाना।

विशिष्ट उद्देश्य–

- छात्रों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना।
- पाठ का अर्थ समझ उसे जीवन में उतारने का सामर्थ्य जगाना।
- आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देना।

UDM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

सारांश-

विनोबा जी सदा गरीबों की सहायता करते थे।उनका भूदान- यज्ञ बहुत प्रसिद्ध है।वे जमींदारों से भूमि दान में लेकर उन किसानों को दे देते जिनके पास अपनी भूमि नहीं होती। एक बार वे एक गांव की पाठशाला में ठहरे। वहां शौचालय नहीं था। पाठशाला के आस-पास गंदगी भरी थी,जिसे देखकर विनोबा जी को दुख हुआ। उन्होंने छात्रों से पूछा गंदगी कौन करता है? वे एक - दूसरे की तरफ देखने लगे। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे गंदगी मचाते हैं तो उन्हें स्वयं ही साफ़ करनी चाहिए। एक लड़के ने कहा कि वह सफ़ाई वाला नहीं है। उन्होंने लड़के को अपने पास बुलाकर प्यार से पूछा कि जब वे छोटे तो उसके हाथ- पैर कौन धोति था? गंदगी कौन साफ़ करता था? लड़के ने बताया कि उसकी मां। विनोबा जी ने समझाया जो गंदगी साफ करता है वह सचमुच मां का ही काम करता है। काम सब अच्छे होते हैं।

गृहकार्य- पाठ को पढ़कर कठिन शब्दों को रेखांकित करो।

EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow